


# सभी अटल जी जैसी कार्य पद्धति अपनाएं : तोमर

**भोपाल 16 अगस्त. मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि पार्टी पद दे सकती है, पदाधिकारी बना सकती है और जनप्रतिनिधि भी बनाया जा सकता है, लेकिन नेता हमेशा जनता बनाती है. इसलिए किसी भी पद पर रहते हुए कार्य पद्धति ऐसी होनी चाहिए कि जनता में स्वीकार्यता बढ़े. ऐसी स्वीकार्यता पूर्व प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी कार्य पद्धति से प्राप्त की थी.**

तोमर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भोपाल की प्रोफेसर कॉलोनी में आयोजित अटल जी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि अटल जी की प्रतिमा स्थापना का कार्य भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम भोपाल के माध्यम से हो पाया है. अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व को याद करते हुए तोमर ने कहा कि अटल जी हम सभी की प्रेरणा हैं. उनका कृतित्व और व्यक्तित्व, जीवन यात्रा तथा कार्य पद्धति देश के लिए आदर्श है. दुनिया में जो भी अटल जी को जानता है, वह उनकी कार्य पद्धति का कायल है.

उन्होंने कहा कि अटल जी संगठन और विचार के प्रति बहुत समर्पित एवं दृढ़ संकल्पित थे. जब अटल जी का युग था, उस समय भाजपा अनेक उतार-चढ़ाव से गुजर रही थी, लेकिन अटल जी न रुके और न झुके. वे पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ते रहे और कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ाते रहे. उसी बुनियाद का परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी का परचम पूरे देश में लहरा रहा है.

### कार्यकर्ताओं को पद के पीछे नहीं भागना चाहिए

तोमर ने कहा कि आमतौर पर किसी पद पर आने के बाद व्यक्ति की प्रतिष्ठा बढ़ती है, लेकिन अटल जी ऐसे व्यक्ति थे जो जिस पद पर होते थे, उस पद की प्रतिष्ठा बढ़ती थी. हर व्यक्ति अटल बिहारी वाजपेयी या देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता, लेकिन अटल जी को पढ़कर, उनके विचारों को आत्मसात कर और उनके बताए रास्ते पर चलकर स्वयं को उनके जैसा कार्यकर्ता बनाया जा सकता है. तोमर ने कहा कि अटल जी हमेशा कार्यकर्ताओं से कहा करते थे कि राजनीति के सभी पद अस्थायी होते हैं, वे आते-जाते रहते हैं. भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता का पद ऐसा है जो कभी नहीं जाता. यदि कोई व्यक्ति योग्य रूप से स्वयं को पार्टी का कार्यकर्ता बना ले तो अंतिम सांस तक कोई उससे यह पद नहीं ले सकता.

# एमपी में फिर सक्रिय होगा मानसून



**भोपाल, 16 अगस्त. प्रदेश में मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली है. बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र, मानसूनी ट्रफ और चक्रवाती परिसंचरण के असर से प्रदेश के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में रविवार को तेज बारिश हुई.**

मौसम विभाग ने सीधी और डिंडौरी में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. यहां 115.6 से 204.4 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में उमरिया में सर्वाधिक 205.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. करकेली में 189.8, ब्यावरा में 112, उमरियापान में 103, अमरपाटन में 92 और नारायणगंज में 89.2 मिलीमीटर बारिश हुई. जबलपुर में 78.2, बैतूल और भोपाल में 64.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. कटनी, मंडला, दमोह, सागर, टीकमगढ़ और राजगढ़ में भी रविवार को भारी बारिश हुई. अगले 24 घंटों में सतना, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना और दमोह में भारी बारिश की संभावना है.

**पूर्वी हिस्से में मानसून सबसे मजबूत**

मौसम का मुख्य सिस्टम फिलहाल मंडला, बालाघाट और डिंडौरी से लेकर शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, सीधी और सिंगरौली तक सक्रिय है. आने वाले दिनों में पूर्वी हिस्से से मध्य और उत्तर-मध्य मध्यप्रदेश की ओर बढ़ सकता है.


वॉक-इन इंटरव्यू

SOLAR

सोलर इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड, भारत की अग्रणी विस्फोटक निर्माण कंपनी, अपनी चाकडोह, नागपुर स्थित निर्माण इकाई के लिए निम्नलिखित पदों पर योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों की भर्ती हेतु वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित कर रही है।

फिटर (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / इंस्ट्रुमेंटेशन)

| | |
|---|---|
| अनुभव | 6 से 8 वर्ष |
| योग्यता | आईटीआई उत्तीर्ण (फिटर / मैकेनिक / इलेक्ट्रीशियन / इंस्ट्रुमेंट मैकेनिक / इंस्ट्रूमेंटेशन ट्रेड) |
| वेतन | ₹27000 - ₹28000 प्रति माह |
| समय | प्रातः 9:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक |
| स्थान | पराते सभागृह, खामला चौक, नागपुर |
| दिनांक | 21 अगस्त 2026 |

इच्छुक उम्मीदवार अपने अद्यतन बायोडाटा, टी.सी., मार्कशीट/सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पॅन कार्ड,बँक पासबुक, शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रतियों तथा पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हों ।


### शराब की शिकायत पर जांच करने पहुंची पुलिस पर पथराव

**पांढुर्ना.** जिले के सौसर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया. अचानक हुए हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए.



# फर्जी फर्मों का नेटवर्क ध्वस्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 अगस्त. सागर पुलिस ने बेरोजगार और सामान्य लोगों के दस्तावेजों का कथित रूप से दुरुपयोग कर फर्जी फर्में बनाने तथा साइबर ठगी की रकम के लेन-देन के लिए म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल करने वाले संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है.**

मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है. यह कार्रवाई सागर पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में मकरोनिया पुलिस ने की. जांच की शुरुआत 13 अगस्त को मिली शिकायत से हुई थी. शिकायतकर्ता के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर 'ग्लैमर एंटरप्राइजेज' नाम से फर्जी फर्म बनाई गई और उसके नाम पर फेडरल बैंक की मकरोनिया शाखा में चालू खाता खोला गया था. पुलिस जांच में सामने आया कि फरवरी 2026 से इस खाते में करीब 90 लाख रुपये का लेन-देन हुआ.

# 9वें दिन जारी रहा विद्यार्थियों का प्रदर्शन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 अगस्त. प्रदेश भर के नर्सिंग काउंसिल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन जारी है. प्रदर्शन के 9वें दिन भी विद्यार्थी जोरदार जोश के साथ नर्सिंग काउंसिल बिल्डिंग के सामने अपनी मांगों को लेकर बैठे रहे. संगठन के संस्थापक गोपाल पाराशर ने कहा कि जब तक सरकार नर्सिंग कॉलेजों के भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त नियम बनाकर कार्रवाई नहीं करते प्रदर्शन जारी रहेगा.**



पाराशर ने स्टूडेंट्स हित की सभी मांगे दोहराते हुए कहा कि सभी सूटेबल अनसुटेबल डेफिसिट व 56 नर्सिंग कॉलेजों के स्टूडेंट्स के रिजल्ट घोषित कर सभी के एग्जाम कराये जाएं और सभी को स्कॉलरशिप दी जाये. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिंह कुशवाहा व प्रदेश महासचिव सचिन खींची के अनुसार नर्सिंग कॉलेजों का फर्जी निरीक्षण करने वाले और मान्यता देने वाले अधिकारियों पर कोई आधिकारिक कार्रवाई नहीं की जा रही है और न हीं फर्जीवाड़ा रोकने के लिए फैकल्टी मैनेजमेंट सिस्टम लागू नहीं किया गया है. जनरल वर्ग के ई डब्ल्यू एस आरक्षण के दायरे में आने वाले गरीब स्टूडेंट्स को भी स्कॉलरशिप देने हेतु कई बार मांग की गई है लेकिन सरकार ने आंखे बंद कर रखी है. नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों को क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज से हटाकर वापस से मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में जोड़ने की मांग भी की गई है, क्योंकि नर्सिंग व पैरामेडिकल कोर्स मेडिकल शिक्षा के अंतर्गत आते हैं.

# उच्च शिक्षा के खेल कैलेंडर में जुड़ेंगे दो नए खेल

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल,16 अगस्त. प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की खेल में रुचि बढ़ाने और खेल के नए क्षेत्रों में अवसर देने की तैयारी की जा रही है. उच्च शिक्षा विभाग इन दिनों साल 2026-27 के विभागीय अकैडमिक कैलेंडर में नए खेलों को जोड़ सकता है.**



जिसके लिए रणनीति बनाने और वर्ष 2026-27 का खेल कैलेंडर तैयार करने के लिए 24 अगस्त विभाग ने एक बैठक आयोजित की है. जिसमें इस बार तीरंदाजी और नेटबॉल जैसे खेलों को शामिल करने पर सहमति बन सकती है. जिससे विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का नया मंच मिलेगा. बता दें उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को निर्देश जारी किए हैं. इसमें विश्वविद्यालयों के खेल निदेशकों को आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है.

### लिंक पर क्लिक करते ही 99 हजार गायब

**भिण्ड.** भिण्ड में साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए एक युवक के खाते से करीब 99 हजार रुपये निकाल लिए. युवक के वाट्सअप ग्रुप में मोबाइल अपडेट करने के नाम पर एक लिंक भेजी गई थी. युवक ने लिंक पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया और कुछ देर के लिए बंद हो गया. मोबाइल दोबारा चालू करने के बाद युवक ने बैंक खाते की जानकारी देखी तो रकम निकाले जाने का पता चला. इसके बाद उसने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह ने थाने में लिखित शिकायत दी है.

# आरकेपी-रीवा वंदे भारत में बढ़ीं सीटें

**75 दिन तक 16 कोच से होगा संचालन**

**भोपाल, 16 अगस्त. यात्रियों की बढ़ती संख्या और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने गाड़ी संख्या 20174/20173 रीवा-रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस की रेक संरचना में अस्थायी बदलाव किया है. अब यह ट्रेन 8 की जगह 16 कोच के साथ संचालित की जा रही है.**

रेल प्रशासन के अनुसार 7 अगस्त से 24 अक्टूबर 2026 तक करीब **75 दिनों** के लिए 16-कोच वाली वंदे भारत रेक का संचालन किया जाएगा. इससे ट्रेन में उपलब्ध सीटों की संख्या दोगुनी होगी और अधिक यात्रियों को आरक्षित सीट मिल सकेगी.

रेलवे के इस निर्णय से त्योहारी सीजन में यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है. अतिरिक्त कोचों के कारण यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा. भोपाल मंडल ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए रेलवे लगातार प्रयास कर रहा है.

### रक्षाबंधन पर भोपाल-रीवा के बीच चलेंगी ट्रेनें

**भोपाल.** रक्षाबंधन के अवसर पर बढ़ने वाले यात्रीभार को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल-रीवा के बीच तीन जोड़ी स्पेशल और एक वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. इससे यात्रियों को अतिरिक्त आवागमन सुविधा मिलेगी. गाड़ी संख्या 02155 भोपाल-रीवा 25 अगस्त को रात 10.25 बजे भोपाल से रवाना होकर अगले दिन सुबह 7.20 बजे रीवा पहुंचेगी. वापसी में 02156 रीवा-भोपाल 26 अगस्त को शाम 6.35 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4.30 बजे भोपाल पहुंचेगी. गाड़ी संख्या02189 भोपाल-रीवा 26 और 27 अगस्त को दो सेवाओं में चलेगी, जबकि 02190 रीवा-भोपाल 27 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे रवाना होकर रात 9 बजे भोपाल पहुंचेगी. 02154 रीवा-भोपाल वन-वे स्पेशल 29 अगस्त को चलेगी. इसके अलावा 02180 रीवा-भोपाल 30 अगस्त और 02179 भोपाल-रीवा 31 अगस्त को संचालित होगी.



# भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण

## विकसित भारत के संकल्प को दोहराया

**भोपाल, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल तथा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी.**

उन्होंने प्रदेशवासियों और कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को नमन किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, गौरव और आत्मविश्वास की नई ऊंचाइयां छू रहा है. देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए परिवारवाद और अर्बन नक्सलिज्म जैसी चुनौतियों का मुकाबला करना जरूरी है.

# प्रेम प्रसंग के चलते 27 वर्षीय युवक ने दी जान

## पुलिस ट्रेनिंग कर रही युवती के पीछे इंदौर आया था युवक

**4 बहनों का इकलौता भाई था**

नवभारत न्यूज


**इंदौर,16 अगस्त.सागर की युवती से प्रेम प्रसंग के चलते इंदौर आए 27 वर्षीय युवक ने शनिवार को खुड़ैल थाना क्षेत्र स्थित अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी. युवक की पहचान सागर निवासी आयुष उम्र 27 साल पिता उत्तम गोस्वामी के रूप में हुई है.**

वह यहां निजी कंपनी में ड्राइवर का काम कर रहा था. घटना के पीछे प्रेम प्रसंग को लेकर पुलिस जांच कर रही है.



आयुष देवगुराड़िया की मानसरोवर कॉलोनी में किराए के कमरे में रहता था. शनिवार को वह फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहा था. इसके बाद मकान मालिक से संपर्क किया. मकान मालिक कमरे पर पहुंचा तो आयुष फंदे पर लटका मिला. घटना की जानकारी उसके पिता को दी गई. पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि आयुष का सागर की एक युवती से प्रेम प्रसंग था. युवती इंदौर में पुलिस ट्रेनिंग कर रही थी. उसके इंदौर आने के बाद आयुष भी यहां आने की जिद करने लगा था. कुछ महीनों से वह इंदौर में रहकर ड्राइवरी कर रहा था.

थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस ने कमरे की तलाशी ली थी, मगर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला. फिलहाल आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चला है. प्रेम प्रसंग से जुड़े पहलुओं के साथ अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है.



**प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने किए महाकाल के दर्शन**

**उज्जैन.** प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की प्रातः कालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस एन सोनी ने कुमार विश्वास का स्वागत एवं सत्कार किया.

### चाकू की धौंस पर लूट करने वाले 3 गिरफ्तार

**धार.** जिले की धरमपुरी तहसील में धामनोद पुलिस ने सिरसोदिया गांव में एबी रोड ब्रिज के नीचे चाकू की धौंस पर हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त चाकू और एक अन्य मोटरसाइकिल सहित कुल 2 लाख 72 हजार 300 रुपये का मशरूका बरामद किया है. पुलिस के अनुसार घटना 30 जुलाई 2026 की शाम करीब 7.30 बजे हुई थी. फरियादी राहुल पिता दलसिंह मकवाने, निवासी मांडव, बारिश के कारण सिरसोदिया गांव में एबी रोड ब्रिज के नीचे रुका हुआ था.

### कांग्रेस संघर्ष को और तेज करेगी : पटवारी



**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में राष्ट्रगान के बाद तिरंगा फहराया. उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संविधान, लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई. पटवारी ने कहा कि देश की आजादी असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है. कांग्रेस की विचारधारा आज भी समानता, सामाजिक न्याय और बंधुत्व के मूल्यों के लिए प्रेरणा देती है.

**पुनर्वास** | इनमें 110 पुरुष और पांच महिला बंदी शामिल हैं

# समय पूर्व रिहाई नीति के तहत 115 बंदी रिहा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 अगस्त . मध्य प्रदेश शासन की जेल विभाग की समय पूर्व रिहाई नीति, 2025 के तहत 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की विभिन्न जेलों से 115 पात्र बंदियों को रिहा किया गया. इनमें 110 पुरुष और पांच महिला बंदी शामिल हैं.**



इन बंदियों को कारावास के दौरान अच्छे आचरण, अनुशासित व्यवहार तथा जेल नियमों के पालन के आधार पर समय पूर्व रिहाई का लाभ दिया गया. नीति के तहत पात्र बंदियों को वर्ष में पांच विशेष अवसरों गणतंत्र दिवस, डॉ. आंबेडकर जयंती, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर रिहा किया जाता है. रिहा किए गए बंदियों में जबलपुर परिक्षेत्र के 18, भोपाल और रीवा के 15-15, इंदौर और उज्जैन के 12-12, सतना के 11, सागर के आठ, नर्मदापुरम और बड़वानी के सात-सात, ग्वालियर के छह तथा नरसिंहपुर के चार बंदी शामिल हैं.

जेल एवं सुधारात्मक सेवाओं के महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर ने रिहा हुए बंदियों को बधाई देते हुए उनसे अपराध से दूर रहकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया. उन्होंने बताया कि बंदियों को सिलाई, बढ़ईगिरी, लोहारगिरी, राजमिस्त्री तथा भवन निर्माण सामग्री उत्पादन जैसे रोजगारपरक कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक समाज में पुनर्वासित हो सकें.

पेज तीन के शेष

### वंदे मातरम का अपमान असहनीय

के बाद शुरू हुआ. समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम' के गायन का एक वीडियो सामने आया, जिसमें सोनिया गांधी और खरगे के बीच बातचीत और इशारे दिखाई देने के बाद भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि गीत को रोकने की कोशिश की गई. भाजपा नेता और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने की अपील की है. चटर्जी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुख्यालय में 'वंदे मातरम' का पूरा संस्करण गाए जाने को लेकर असहजता दिखाई गई और इसे रोकने के प्रयास किए गए. नैहाटी से विधायक सुमित्रो चटर्जी ने सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा कि 15 अगस्त को जब देश अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, उस समय कांग्रेस मुख्यालय में हुई कथित घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने इसे स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास से जुड़ी एक गंभीर भूल की पुनरावृत्ति करार दिया. चटर्जी ने कहा कि उन्होंने यह पत्र एक सामान्य नागरिक, देशभक्त और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज के तौर पर लिखा है. उन्होंने कहा कि इस घटना से उन्हें गहरा दुख और आक्रोश हुआ है. भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि 'वंदे मातरम' जैसे राष्ट्रीय भावना से जुड़े गीत को लेकर किसी भी प्रकार की हिचक स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के बलिदान का अपमान है.

### विकास कार्यों से इंदौर का कायाकल्प

फायर बाइक शुरू किए जाने का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि घटनाओं के दौरान बचाव कार्य में ये फायर बाइक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. इससे संकरे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में शुरुआती स्तर पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण और राहत कार्य में मदद मिल सकेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल सेतु समेत शहर में किए जा रहे विकास कार्य अटल जी की स्मृति को विकास के साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14